पाठ 19. हाकू जी

पाठ का उद्देश्य

इस एकांकी को अभिनय के साथ प्रस्तुत करने से बच्चों का मंच अभिनय का अभ्यास होगा। अपने-आप को अभिव्यक्त करने का कौशल बढ़ेगा। मंच पर जाने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। एक अदाकार के रूप में या एक निर्देशक के रूप में उनमें नेतृत्व का गुण विकसित होगा। वे नाटक विधा से परिचित होंगे। साथ ही साथ हाकू जी नाटक उन्हें हास्य-व्यंग्य की विधा से भी परिचित करवाएगा।

- अध्यापक बच्चों को इस एकांकी को नाटक के रूप में प्रस्तुत करने को कहें।
- बच्चों के समूह बना दिए जाएँ।
- बच्चे एक साथ मिलकर काम करें।
- वे सभी एक-दूसरे को मार्गदर्शन देकर नाटक को प्रभावी बनाएँ।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी तथा तर्क-वितर्क संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। आपस में मिल-जुलकर काम करने तथा विचारों का आदान-प्रदान करने से सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।